# आशा भौसले पर आधारित संगीत कार्यक्रम कारवांए-मौसिकी 31 को

**इन्दौर** आगामी 31 अगस्त को शाम 7 बजे से संस्था अनहद नाद व संगीत कला संदेश द्वारा इन्दौर प्रेस क्लब परिसर स्थित राजेन्द्र माथुर सभागृह में आशा भौसले पर आधारित संगीत कार्यक्रम कारवांए-मौसिकी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आशा भोंसले के ऐसे गीतों को शामिल किया जाएगा, जो सुपरहिट डांस गीतों के साथ सिचुवेशनल भी है। इस अवसर पर उन्हें सुरीली श्रद्धांजलि समर्पित की जाएगी। संस्था के संजीव गवते के अनुसार इस कार्यक्रम में आशा भौसले के सुपरहिट सदाबहार गीतों के साथ ही उनकी जीवन यात्रा पर भी चर्चा की जाएगी। हर गीत के बनने के पीछे के किस्सों को भी साझा किया जाएगा। कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति मोना शेवड़े व हर्ष वर्धन नाडकर देंगे। संगीत संयोजन राजेश गुड्डू मिश्रा का रहेगा। की-बोर्ड पर दीपेश जैन, तबले व ढोलक पर विजय राव और ऑक्टोपैड पर अनुप कुलपारे संगत करेंगे।

# दृष्टिबाधित छात्रों को लैपटॉप वितरित किए



**इन्दौर** संस्था हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर 18 दृष्टिबाधित छात्रों को लेपटॉप वितरित किए। आयोजकों के अनुसार फाउंडेशन महाविद्यालय में 2019 से दृष्टिबाधित छात्रों के लिए दो वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम संचालित करता है। इसमें कंप्यूटर, अंग्रेजी, संचार कौशल, दिशा ज्ञान व सुरक्षित आवागमन और रोजगारपरक कौशल जैसे विषय शामिल है।

# जब-जब राष्ट्र चेतना सोती है, साहित्यकार उसे जगाता है





**इंदौर।** 'हिंदी साहित्य पटल' के तत्वावधान में विशेष राष्ट्रीय 'वंदे मातरम' ऑनलाइन काव्य संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के कवि कुलश्रेष्ठ शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सह-मुख्य अतिथि 'स्कि लोयुवा' प्लेटफॉर्म के संस्थापक प्रभाकर कुमार माचवे (जमुई, बिहार) रहे। वहीं, मंच के संस्थापक अमझेरा के युवा कवि यतीन्द्र ठाकुर 'यति' की विशेष मौजूदगी रही। आयोजन कार्यक्रम में कनिष्का रघुवंशी, हर्षिता शर्मा, महेंद्र शर्मा, जगदीश कुमावत, कृपा शुक्ल, मोहित राज, टीशा ठाकुर, देवांश प्रजापति, योगेश्वरी परमार, राजवीर चौहान, विकाश कुमावत, पवन कुमार और नित्या राठोर जैसे रचनाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । अपने मुख्य अतिथि कवि कुलश्रेष्ठ शर्मा ने कहा, 'जब-जब राष्ट्र चेतना सोती है, तब-तब साहित्यकार अपनी कलम से उसे जगाने का कार्य करता है। साहित्य ही समाज और राष्ट्र की दिशा तय करता है।'

# राखी निर्माण कार्यशाला आयोजित



**इन्दौर।** माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत छात्राओं के लिए राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक रमेश मेंदोला ने छात्राओं को रचनात्मक कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी ने कहा कि कौशल आधारित गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।प्रभारी डॉ. स्मिता चैतन्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला की संयोजक क्रीड़ा अधिकारी डॉ. बबीता अग्रवाल थीं। कार्यक्रम में डॉ. प्रगति जैन, डॉ. पुष्पा पठोते, डॉ. प्रियंका ढलवानी एवं डॉ. निशांत मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापकगण की सहभागिता रही। कार्यशाला में 53 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## कार्टुन कोना




# रीवा पुलिस कांड के विरोध में साहू समाज ने संभाग आयुक्त को दिया ज्ञापन

**इंदौर** तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की अध्यक्ष एडवोकेट भावना सुरेश साहू ने 27 अगस्त 2026 गुरुवार को दोपहर 12 बजे रीवा पुलिस द्वारा समाज बंधु बंसीलाल साहू के मामले की निष्पक्ष जांच न करने आवेदन को लेने से मना करने एवं पीड़ित के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार करने एवं गाली गलौज मारपीट करने के



विरोध में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम एक शिकायत पत्र ज्ञापन के रूप में लिखा है

जो की संभाग आयुक्त इंदौर को एक ज्ञापन दिया हैं इस पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच कराई जाए इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती है तो पूरे मध्य प्रदेश में साहू समाज द्वारा इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन किए जाएंगे इस बात की जानकारी तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की अध्यक्ष एडवोकेट भावना सुरेश साहू ने मीडिया को भी बताया संभाग आयुक्त कार्यालय पर ज्ञापन देने के दौरान साहू समाज की अध्यक्ष एडवोकेट भावना सुरेश साहू, संरक्षक कैलाश चंद्र साहू विजाले, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद साहू, युवा अध्यक्ष प्रतीक साहू, पत्रकार देवेंद्र साहू, योगेश साहू, धीरज साहू, सोनू संतोष साहू, देवेंद्र रामचंद्र साहू, अक्षय साहू, नितेश साहू, कमल साहू, विजेंद्र साहू, राजेश साहू, सतीश साहू गडरबाड़ा, सीमा सुनील साहू, चंदा साहू, सुनीता साहू,सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

### मंहगी शक्कर पर विजयवर्गीय का बयान

# जख्मों पर नमक भी छिड़कता है : माकपा

**इन्दौर।** राखी के त्यौहार पर शक्कर की कीमतों हुई वृद्धि और इस पर कैलाश विजयवर्गीय का बयान जनता की भावनाओं को आहत करने वाला भी है और उनके जख्मों पर नमक छिड़कने वाला भी है मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा है कि संसदीय कार्य मंत्री होने के नाते कैलाश विजयवर्गीय सरकार के प्रवक्ता भी हैं इस नाते इसे व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं, बल्कि भाजपा की डॉ मोहन यादव सरकार का आधिकारिक बयान समझा जाना चाहिए वैसे भी मुख्यमंत्री या भाजपा किसी नेता ने कैलाश विजयवर्गीय के बयान का खंडन भी नहीं किया है माकपा नेता ने कहा है कि हमेशा धर्म और बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाली भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है

जसविंदर सिंह ने कहा है कि राखी के त्यौहार को तो धर्म से ऊपर उठ कर हर व्यक्ति और परिवार मनाता है द्य ऐसे में शक्कर की कीमतों में उछाल से कालाबाजारियों, सटोरियों के मुनाफे के लिये भाजपा ने जनता के इस स्नेही त्योहार की मिठास को तो पहले ही फीका कर दिया था द्य अब भाजपा मंत्री का बयान जले पर नमक छिड़कने से भी बढ़ कर है कैलाश विजयवर्गीय के बयान से और साफ हो गया है कि भाजपा सरकार जनता की नहीं बल्कि कालाबाजारियों और सटोरियों की सगी है

# श्री गुलरेश्वर महादेव मंदिर पर हुए विभिन्न आयोजन

**इन्दौर।** श्री गुलरेश्वर महादेव मंदिर एम टी एच कम्पाउन्ड में श्रावण मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार को सुबह से ही भक्तों तांता लगा रहा । सुबह आठ बजे रूद्राभिषेक एवं पुजन अर्चन के बाद महाआरती सम्पन्न हुई । इसके बाद फलाहारी खिचड़ी का प्रसाद वितरित की गई। ट्रस्ट संरक्षक पंडित कृपा शंकर शुक्ला और सचिव मनोज तोमर ने बताया कि शाम को विशेष सजावट एवं फुल बंगला बनाया गया महाआरती के पश्चात प्रसिद्ध भजन गायिका जया होलकर की भजन संध्या संपन्न हुई । देर रात तक चले भजनों पर श्रद्धालु भी खूब



थिरके। समापन से पूर्व मावा बाटी, गुलाब जामुन एवं फलहारी खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीपल खूंटा के महामंडलेश्वर दयारामदासजी महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन में सुंदर काण्ड वाचक दयाल गुरु, अनवर खान, यशवंत गायकवाड, राजेश पांडे, रमेश यादव, मुकेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह भदोरिया, अतुल मंगल नरेंद्र वर्मा, राम सिंह मालवीय मनोज गोपाले, सतीश सेन, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राखी पर बहनों को तोहफा, बसों में कर सकेगी मुफ्त सफर,

# 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त सुबह 6 बजे तक सुविधा

**इंदौर** से भोपाल सहित सभी प्रमुख इंटरसिटी मार्गों पर बिना शुल्क चुकाए बहनें कर सकेंगी सफर : : इन्दौर रक्षाबंधन पर अपने भाई को राखी बांधने जाने वाली बहनों के लिए अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की इंदौर से प्रमुख इंटरसिटी मार्गों पर संचालित चार्टर बसों में महिलाओं को 48 घंटे तक मुफ्त सफर की सुविधा दी जाएगी।

यह सुविधा 27 अगस्त की सुबह 6 बजे से 29 अगस्त की सुबह 6 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान महिलाओं को बस का किराया नहीं देना होगा।

एआईसीटीएसएल की चार्टर बसों में पहली बार रक्षाबंधन पर लगातार 48 घंटे के लिए इंटरसिटी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है इससे इंदौर से जाने और इंदौर आने वाली बहनों को बड़ी राहत मिलेगी। एक और जहां त्योहार पर निजी बस संचालक किराया बढ़ा देते हैं वहीं दूसरी ओर चार्टर बस द्वारा महिलाओं को मुफ्त सफर देकर एक नई मिसाल पेश की जा रही है। चार्टर की रोजाना 150 से ज्यादा बसों के फेरे होते हैं, जिससे रक्षाबंधन के दौरान बड़ी संख्या में बहनों को इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा।इन प्रमुख मार्गों पर मिलेगा लाभइन चार्टर बसों से इंदौर से भोपाल, सागर, उज्जैन, खरगोन, धार, झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, शाजापुर, गुना, अशोकनगर और ब्यावरा सहित प्रमुख इंटरसिटी मार्गों पर यात्रा करने वाली महिलाओं को मुफ्त सफर की सुविधा मिलेगी।सिटी बसों में भी मुफ्त सफर -रक्षाबंधन पर एआईसीटीएसएल की ओर से शहर में संचालित सिटी बसों में भी महिलाओं को मुफ्त सफर की सुविधा दी जाती रही है। हालांकि, एआईसीटीएसएल ने अभी तक इस संबंध में औपचारिक घोषणा नहीं की है। औपचारिक आदेश जारी होने के बाद ही इस सुविधा की अवधि और नियम स्पष्ट होंगे।चार्टर बस के प्रमुख कैलाश चौहान के अनुसार आम दिनों में इन बसों से रोजाना करीब 5 से 6 हजार यात्री सफर करते हैं। त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़कर 8 से 9 हजार प्रतिदिन तक पहुंच जाती है। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत तक रहती है। ऐसे में रक्षाबंधन के 48 घंटे में हजारों महिलाओं को बिना किराया चुकाए अपने भाई-बहनों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

# विज्ञान और तर्क की अनूठी पहल



**इंदौर।** विद्यासागर स्कूल के 35वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'कोरल ईयर' के अंतर्गत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, जिज्ञासा एवं तथ्यों के आधार पर सत्य को परखने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से अंतरसदनीय 'साइंस मिथ बस्टर्स' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े आरआरकेट के साइंटिफिक ऑफिसर दीपक कुमार त्यागी और डॉ. ऋचा पाठक ने निर्णायक के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज में प्रचलित विभिन्न वैज्ञानिक मिथकों, भ्रांतियों और अंधविश्वासों को तर्क, प्रयोग एवं वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर समझने तथा उनका खंडन करने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय के 35वें वर्ष के 'कोरल ईयर' के अंतर्गत आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को अभिव्यक्त करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई।

# झंडे निशान को पुरस्कृत किया जाएगा



**इंदौर ।** शहर वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म. प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 81 वां ऐतिहासिक भुजरिया पर्व हर्षो उल्लास धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। वाल्मीकि बस्तियों से गोगादेव जी के झंडे निशान सज धज कर ढोल ढमाको के साथ निकलकर राजवाड़ा जनता चौक पर एकत्रित होंगे। परिषद् एवं पंचायत की ओर से गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के संहयोजक चौधरी श्री वीरेंद्र सिंह लोट अध्यक्ष नवीन चिरांउड़े व सचिव आदित्य प्याल एवं सदस्य श्री रवि सुनहरे, सुश्री निर्मला लोट, सुश्री भावना राठौर, सुश्री वर्षा बिलरवान, श्री अमित बिलरवान, श्री मयूर झांझरिया, श्री ऋषभ बालोदरा, रोहित राठौर, एवं अन्य गणमान्य सदस्यों के द्वारा गोगादेव जी के समस्त झंडे निशान, उस्तादों एवं खलीफाओं का सम्मान किया जायेगा।

# गो सम्मान आव्हान अभियान ने बनाया 15 करोड़ हस्ताक्षरित ज्ञापन का रिकॉर्ड

**इंदौर।** गौमाता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन तथा गौहत्या की पूर्ण समाप्ति के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'गो सम्मान आह्वान अभियान' को लेकर प.पू. अच्युतानंद जी महाराज एवं प.पू. साध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. के बीच विस्तृत चर्चा हुई।




साध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. ने बताया कि चित्तौड़गढ़ में उन्होंने नागरिकों को गो सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 8 हजार नागरिकों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। अच्युतानंद जी महाराज ने अभियान की अब तक की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 27 जुलाई को देश के 802 जिलों के कलेक्टरों के माध्यम से 15 करोड़ संतों एवं गौभक्तों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों तक भेजे गए। इस अभूतपूर्व जनसमर्थन को स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में विश्व रिकॉर्ड के रूप में सम्मिलित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान के समर्थन में Twitter/X पर भी देश-विदेश के नागरिकों ने ज्ञापन एवं समर्थन संदेश साझा किए, जिसके परिणामस्वरूप यह अभियान महज 15 मिनट में ट्रेंड हो गया। गो सम्मान आह्वान अभियान के अगले चरण में 17 दिसंबर को देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को 31 करोड़ हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. ने अभियान की भावना का समर्थन करते हुए कहा कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण का विषय समाज की संवेदना एवं आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ने तथा गांव-गांव तक जनजागरण पहुंचाने का संकल्प व्यक्त इस अवसर वीरेन्द्रकुमार जैन,राजकुमार जैन पंजाबी और सुशीला पोरवाल उपस्थित थे।

# अभाविप का कलेक्टर कार्यालय पर हंगामा.. बैरिगेट्स हटाकर अंदर घुसे :पुलिस देखती रही

**इन्दौर** (नवीन मौर्य)। विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अभाविप द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया, नारेबाजी की , पुलिस द्वारा कलेक्टर गेट पर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया गया था





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोशित होकर बेरी गेट्स हटाकर और गेट खोलकर जबरदस्ती अंदर घुसे और कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग करने लगे किंतु कलेक्टर के ना होने से एसडीएम को ज्ञापन दिया ज्ञापन का वाचन किया

**अभाविप की प्रमुख मांगे**

महाविद्यालय के सभी प्रमुख स्थानों पर शुद्ध एवं पर्याप्तयाज की व्यवस्था की जाए तथा राम वाटर कूलर /RO मशीनों को काल दुरुस्त किया जाए।कक्षाओं की मूलभूती बिहकिन एवं आवश्यकतानुसार विद्युत सुनिश्चित की जाए। मरिक गलियारों में पर्याप्त प्रका व्यवस्था की जाए तथा उपकरणको बदला जाए।पुस्तकालय की सुविधा महाविद्यालय की पुस्तके समाचार-पत्र एवं स्थापित करने पर विचार किया जाए तथा अनुपयोगी उपकरण की मरम्मत/प्रतिस्थापन किया जाए। खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। 6. खेल सुविधाएँ विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल मैदान कीस्थित किया थापर्यावरणयुक्त परिसर एवं स्वच्छता परिसर में नियमित सफाई कूड़ेदान एवं कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था की जाए। स्वच्छ हरित वातावरण विकसित किया जाए। धरिसर को स्वच्छा एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए आतध्यक कदम उठाए जाएँ। महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपन।